
# कुलपति-विद्यार्थी संवाद आयोजित



बीकानेर @ पत्रिका. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता ड़ॉ. आई. पी. सिंह, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर की अधिष्ठाता डॉ. विमला डुंकवाल, छात्र कल्याण निदेशक ड़ॉ. वीर सिंह, चीफ हास्टल वार्डन डॉ. दाता राम सहित सभी प्राध्यापक व छात्र मौजूद थे। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थी अपने अध्ययन तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दें, इसके लिए विवि उनकी समस्याओं को सुनने और दूर करने के लिए निरंतर संवाद करेगा।